>

Title: Regarding unethical medical practices by drug manufacturing companies.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली) : मैं लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी ज्वलंत समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहता हूँ कि बहुत सी दवा बेचने वाली कम्पनियां अपनी दवाइयों को बाजार में तेजी से बेचने के लिए सभी हदें पार करती जा रही हैं । अभी हाल ही में जब मैंने अपने रिश्तेदार के ब्लड शुगर की जांच करवाई तो मेरी जानकारी में अलग-अलग डॉक्टरों के माध्यम से लाया गया कि शुगर लेवल के मानक की मान्यताएं अलग-अलग होती जा रही हैं । डॉक्टरों व दवा कम्पनियों द्वारा तय किये गए मानक ही बाजार में प्रचलित भी हो रहे हैं । लोग भय के कारण इन दवाइयों का तेजी से इस्तेमाल करने लगेंगे और दवा कम्पनियों को करोड़ों रूपये का लाभ होगा । इसी के साथ-साथ तय मानकों को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रचारित भी किया जाना चाहिए ताकि दवा कम्पनियां अपनी मनमानी करके अनावश्यक रूप से अपनी दवाइयों को न बेच सकें ।